दिन– गुरूवार दिनांक– 10 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. सर्वोच्च न्यायालय ने बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर रोक लगाने से इंकार किया। न्यायालय ने पुनरीक्षण के समय पर सवाल उठाए।

02. सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को पुनरीक्षण अभियान में आधार कार्ड, राशन कार्ड और मतदाता फोटो पहचान पत्र जैसे दस्तावेजों को भी शामिल करने पर विचार करने का सुझाव दिया।

03. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की सत्ताईसवीं बैठक रांची में संपन्न। बिहार और झारखंड के बीच वर्षों से लंबित इंद्रपुरी जलाशय से जुड़े मामले का हुआ निपटारा।

04. और, निगरानी जांच ब्यूरो ने पटना में शिक्षा विभाग के लिपिक अशोक वर्मा और किशनगंज में एक अमीन निरंजन कुमार को एक–एक लाख रूपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया।

---

सर्वोच्च न्यायालय ने बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–एस.आई.आर पर रोक लगाने से इंकार कर दिया है। न्यायाधीश सुधांशु धूलिया और जे. बाग्ची की खंडपीठ ने इस मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि पुनरीक्षण कार्य संविधान के दायरे में है। हालांकि पीठ ने पुनरीक्षण कार्य के समय पर सवाल उठाया। न्यायालय ने कहा है कि पुनरीक्षण कार्य बिहार विधानसभा चुनाव के लिए ही क्यों हो रहा है, इसे पूरे देश में लागू क्यों नहीं किया जा सकता। पीठ ने कहा कि निर्वाचन आयोग को अगर नागरिकता की ही जांच करनी थी तो उसे यह कार्य पहले करना चाहिए था। इधर, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने बताया कि न्यायालय ने कहा कि चुनाव आयोग को न्याय के हित में पुनरीक्षण अभियान के दौरान आधार कार्ड, राशन कार्ड और मतदाता फोटो पहचान पत्र जैसे दस्तावेजों को भी शामिल करने पर विचार करना चाहिए।

–––बाइट–––

---

इधर, मामले के एक याचिकाकर्ता योगेन्द्र यादव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आज के सुझावों से बिहार के करोड़ों लोगों को राहत मिलेगी।

———बाइट———

राजद के वरिष्ठ नेता मनोज कुमार झा ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने आधार कार्ड, वोटर आई कार्ड और राशन कार्ड को मतदाता पुनरीक्षण अभियान में शामिल करने का जो सुझाव दिया है, उससे इस प्रक्रिया में अंतर दिखेगा।

———बाइट———

इस बीच, भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण कोई मुद्दा नहीं है। कांग्रेस के समय में भी कई बार गहन पुनरीक्षण हो चुका है।

———बाइट———

भाजपा के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि पुनरीक्षण अभियान को लेकर उच्चतम न्यायालय का जो सुझाव आया है वे उसका स्वागत करते हैं।

———बाइट———

इधर, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि उनकी पार्टी सुप्रीम कोर्ट के हर फैसले का स्वागत करती है।

———बाइट———

हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के अध्यक्ष और राज्य सरकार के मंत्री संतोष कुमार सुमन ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को महागठबंधन के लिए निराशाजनक बताया।

———बाइट———

---

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आज रांची में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की सत्ताईसवीं बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के प्रतिनिधि शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बैठक में बिहार का प्रतिनिधित्व किया। बैठक में अंतर–राज्यीय सहयोग से जुड़े पारस्परिक मुद्दों पर चर्चा की गयी। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि बैठक में बिहार और झारखंड के बीच लंबे समय से लंबित इंद्रपुरी जलाशय

से जुड़े मामले का निपटारा कर लिया गया। उन्होंने बताया कि किशनगंज में प्रस्तावित बांध के निर्माण को लेकर भी पश्चिम बंगाल के साथ सहमति बन गई है।

–––बाइट–––

---

निगरानी की विशेष जांच इकाई ने पटना जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में तैनात प्रधान लिपिक अशोक वर्मा को एक लाख रूपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लिपिक एक शिक्षिका से मातृत्व अवकाश स्वीकृत करने के एवज में घूस ले रहा था।

---

वहीं, निगरानी की टीम ने किशनगंज जिले के दौला पंचायत में पदस्थापित अमीन निरंजन कुमार को एक लाख रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अमीन जमीन मुआवजे की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के एवज में शिकायतकर्ता से घूस ले रहा था।

---

इधर, आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड के कार्यपालक अभियंता प्रमोद कुमार के पटना, सहरसा और सीतामढ़ी स्थित ठिकानों पर छापेमारी की। आय से अधिक संपत्ति के मामले में यह छापेमारी की गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छापेमारी में करोड़ों रूपये की चल–अचल संपत्ति का खुलासा हुआ है। दूसरी तरफ, निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने मद्य निषेध विभाग के डीएसपी अभय प्रसाद यादव के खगड़िया के कृष्णानगर और पटना के फुलवारीशरीफ स्थित आवास पर छापेमारी की है। आय से अधिक संपत्ति के मामले में यह छापेमारी की गयी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार छापेमारी में निवेश और जमीन के कई कागजात बरामद किये गये हैं।

---

आरा की एक अदालत ने चर्चित हरिजी गुप्ता हत्याकांड मामले में सभी पांच दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जिन दोषियों को सजा सुनाई गई है, उसमें अमर कुमार, रितेश महतो, रंजन यादव, बउआ और राजू यादव शामिल हैं।

गौरतलब है कि तीन वर्ष पूर्व हरिजी गुप्ता का अपहरण कर उनकी हत्या कर दी गई थी।

---

समस्तीपुर डाक प्रमंडल ने बीमा के क्षेत्र मे एक दिन मे एक करोड़ चार लाख रुपये का प्रीमियम जमा कर राज्यभर में पहला और देशभर में दसवां स्थान प्राप्त किया है। डाक अधीक्षक दिनेश साह ने बताया कि नौ जुलाई को आयोजित महालॉगिन दिवस पर समस्तीपुर डाक प्रमंडल ने यह उपलब्धि हासिल की।

———बाइट———

---

प्रसिद्ध लोक कलाकार और रंगकर्मी भिखारी ठाकुर को आज उनकी पुण्यतिथि पर याद किया जा रहा है।

———म्युजिक———

भिखारी ठाकुर का जन्म वर्ष अठारह सौ सत्तासी में बंगाल प्रेसिडेंसी के शाहाबाद में हुआ था। उनकी मृत्यु दस जुलाई उन्नीस सौ इकहत्तर को हुई थी। बिदेशिया, बेटी बेचवा और गबरघिचौर उनकी प्रमुख रचनाएं हैं। भिखारी ठाकुर को बिहार में लोक नाट्य परंपरा का जनक और भोजपुरी के शेक्सपीयर के रूप में भी याद किया जाता है।

———म्युजिक———

---

प्रदेश में मानसून की सक्रियता में कमी आने से बारिश की गतिविधियों में कमी आई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान जमुई जिले के चकाई में सबसे अधिक बत्तीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि कल राज्य के पश्चिमी हिस्सों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्की बारिश हो सकती है। वहीं, अगले पांच दिनों तक अधिकतम और न्यूनतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है।

---

समस्तीपुर के काशीपुर स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र से पिछले दिनों हुई लूट के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी अखिलेश राय और उसकी पत्नी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह ने बताया कि इस मामले में अबतक दो करोड़

सत्तर लाख रूपये मूल्य के जेवरात बरामद किये जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि मामले में बारह आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

---

पूर्णिया के जानकी नगर में एक अनियंत्रित चार पहिया वाहन की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए।

---

शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने गोपालगंज जिले के भोरे विधानसभा क्षेत्र के ख़िरीडीह पंचायत में नवनिर्मित स्टेडियम का उद्घाटन किया। इस स्टेडियम के निर्माण पर दो करोड़ रूपये की लागत आई है।

---

अररिया जिले के बैरगाछी थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक पिकअप वैन से छप्पन कार्टन शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. सर्वोच्च न्यायालय ने बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर रोक लगाने से इंकार किया। न्यायालय ने पुनरीक्षण के समय पर सवाल उठाए।

02. सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को पुनरीक्षण अभियान में आधार कार्ड, राशन कार्ड और मतदाता फोटो पहचान पत्र जैसे दस्तावेजों को भी शामिल करने पर विचार करने का सुझाव दिया।

03. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की सत्ताईसवीं बैठक रांची में संपन्न। बिहार और झारखंड के बीच वर्षों से लंबित इंद्रपुरी जलाशय से जुड़े मामले का हुआ निपटारा।

04. और, निगरानी जांच ब्यूरो ने पटना में शिक्षा विभाग के लिपिक अशोक वर्मा और किशनगंज में एक अमीन निरंजन कुमार को एक–एक लाख रूपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।